कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 08.05.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में प्राचार्य के दिशा निर्देश एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बताया कि आयोजन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस एवं रेड क्रिसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को याद करना है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि निस्वार्थ भाव से मानव सेवा एवं लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को समर्पित महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई एवं वॉलेन्टियर लगातार महाविद्यालय एवं आसपास में अपनी सेवाएं एवं जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ0 रेशमा लाकेश के मार्ग निर्देशन एवं रेडक्रॉस वालेन्टियर महाविद्यालयीन छात्राऐं एवं भुतपूर्व छात्राऐं दुर्ग स्थित सौ आंगनबाड़ियों में अपनी सेवाऐं दे रही हैं। जिसमें वह बालक-बालिकाओं, गर्भवती माताओं को हाइजिन, जीवन कौशल, पोषण, स्वास्थ्य आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करते हैं।

डॉ0 तोषिना तैलंग ने इस वर्ष की थीम 'कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव' जो संघर्षों और आपदाओं में सहायता करने वाले लोगों पर केन्द्रित है कि जानकारी दी। कु0 तबस्सुम अली ने रेडक्रॉस के इतिहास एवं उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनामिका वस्त्रकार एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सीमा कालरा ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने रेडक्रॉस के अंतर्गत निस्वार्थ मानव सेवा की शपथ ली।

टीप – समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन